# 2024 PUGET SOUND ENERGY जनरल रेट केस
# सूचना पत्र

**Public Counsel Unit, Attorney General's Office द्वारा तैयार किया गया**
**800 Fifth Avenue • Suite 2000 • Seattle, WA 98104**
**utility@atg.wa.gov • www.atg.wa.gov**

Washington Attorney General's Office (वाशिंगटन अटॉर्नी जनरल के कार्यालय) में Public Counsel Unit (पब्लिक काउंसल यूनिट) घरों और छोटे व्यवसायों में रहने वाले लोगों की ज़रूरतों को पूरा करती है। वे राज्य-विनियमित बिजली, प्राकृतिक गैस, पानी और दूरसंचार कंपनियों के ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, साथ ही उन लोगों पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं जो Washington Utilities and Transportation Commission (वाशिंगटन यूटिलिटीज़ और ट्रांसपोर्टेशन कमीशन) द्वारा विनियमित परिवहन सेवाओं का उपयोग करते हैं। Commission और अदालत के समक्ष, Public Counsel रेट्स, मर्जर, व्यावसायिक पहलों, सेवा गुणवत्ता, ऊर्जा दक्षता, सुरक्षा और नीति से संबंधित मामलों में ग्राहकों की ओर से बोलते हैं।

## Puget Sound Energy का जनरल रेट केस (GRC) फ़ाइलिंग

Puget Sound Energy (PSE) ने Washington Utilities and Transportation Commission (UTC) के साथ वर्ष 2025 और 2026 में अपनी बिजली और प्राकृतिक गैस की दरें बढ़ाने के लिए एक अनुरोध दायर किया है। बिजली की दरों के लिए, PSE वर्ष 2025 में कुल 192.2 मिलियन डॉलर और वर्ष 2026 में 259.9 मिलियन डॉलर की राजस्व वृद्धि का अनुरोध कर रहा है। प्राकृतिक गैस की दरों के लिए, PSE वर्ष 2025 में 196 मिलियन डॉलर और वर्ष 2026 में 25.4 मिलियन डॉलर के कुल राजस्व वृद्धि का अनुरोध कर रहा है।

बिजली के ग्राहकों के लिए, PSE की मांग है कि वर्ष 2025 में बिजली राजस्व में 6.74 प्रतिशत की वृद्धि हो और वर्ष 2026 में 8.48 प्रतिशत की वृद्धि हो। प्राकृतिक गैस ग्राहकों के लिए, PSE का अनुरोध वर्ष 2025 में राजस्व में 18.96 प्रतिशत और वर्ष 2026 में 2.07 प्रतिशत की वृद्धि हो।

PSE का तर्क है कि ये वृद्धि ज़रूरी हैं क्योंकि सुरक्षित और भरोसेमंद सेवा प्रदान करने, अनिवार्य दायित्वों को पूरा करने, और पुरानी या क्षतिग्रस्त अवसंरचना को बदलने के लिए बड़ा पूंजी निवेश करना ज़रूरी है। PSE ने अपनी अनुरोधित वृद्धि को मुद्रास्फ़ीति, बढ़ी हुई ब्याज दरों, और बढ़ती ऊर्जा लागत के आधार पर सही ठहराया है। PSE ने निवेशकों को दिए जाने वाले रिटर्न को 2025 में 9.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 9.95 प्रतिशत और 2026 में 10.50 प्रतिशत करने का भी प्रस्ताव किया है। इन रिटर्न का भुगतान PSE के ग्राहकों द्वारा किया जाता है।

PSE के विद्युत प्रस्ताव से औसत आवासीय विद्युत उपयोगकर्ता का बिल वर्ष 2025 में 7.84 डॉलर प्रति माह तथा वर्ष 2026 में 11.20 डॉलर प्रति माह बढ़ जाएगा।

PSE का प्राकृतिक गैस प्रस्ताव औसत आवासीय प्राकृतिक गैस ग्राहक के बिल में वर्ष 2025 में प्रति माह 13.96 डॉलर और वर्ष 2026 में प्रति माह 1.51 डॉलर की वृद्धि करेगा।

## क्या Public Counsel ने कोई फैसला लिया?

हाँ। Public Counsel ने गवाही और विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए तर्क दिया है कि PSE ने जिस वृद्धि का अनुरोध किया है वह बहुत ज़्यादा है। Public Counsel ने ऐसी किसी भी दर वृद्धि का विरोध किया है जिसमें सहायक प्रमाण का कमी हो। Public Counsel मूल शुल्क

### पार्टियाँ:

UTC प्रत्येक पार्टी के सुझाव पर विचार करती है और किसी भी पार्टी के सुझाव को मानने के लिए बाध्यकारी नही है। निम्नलिखित पार्टियाँ इस कार्यवाही में भाग ले रही हैं:

- Puget Sound Energy
- UTC स्टाफ़*
- Washington Attorney General's Office, Public Counsel Unit (आवासीय और लघु व्यवसाय ग्राहक अधिवक्ता)
- Alliance of Western Energy Consumers (बड़े औद्योगिक ग्राहक समर्थक)
- Microsoft Corporation (बड़ा औद्योगिक ग्राहक)
- Walmart Inc. (बड़ा औद्योगिक ग्राहक)
- Nucor Steel Seattle, Inc. (बड़ा औद्योगिक ग्राहक)
- Fred Meyer Stores, Inc. (बड़ा औद्योगिक ग्राहक)
- Northwest Energy Coalition (पर्यावरण समर्थक)
- Sierra Club (पर्यावरण समर्थक)
- Front and Centered (पर्यावरण और कम आय वाले ग्राहक समर्थक)
- The Energy Project (कम आय वाले ग्राहक समर्थक)

*औपचारिक UTC कार्यवाही में, नियामक स्टाफ़ किसी अन्य पार्टी की तरह भाग लेता है और अंतिम निर्णय WUTC आयुक्तों द्वारा किया जाता है।



में वृद्धि तथा निर्माण कार्य में देरी और जंगल में आग लगने जैसी लागतों का जोखिम करदाताओं पर डालने के कंपनी के प्रयास के भी खिलाफ है। अंत में, Public Counsel ने PSE के उच्च शेयरहोल्डर लाभ के अनुरोध का विरोध किया।

## Commission के निर्णय की प्रक्रिया

कानून के अनुसार, UTC के पास फ़ाइलिंग की समीक्षा करने और निर्णय जारी करने के लिए 11 महीने का समय होता है। इस तरह के मामले से नई दरें 16 जनवरी 2025 से पहले लागू हो जाएँगी। 4-5 नवंबर, 2024 को UTC साक्ष्य संबंधी सुनवाई आयोजित करेगा और नई दरें लागू होने से पहले समय पर अपना निर्णय सुनाएगा।

## कमेंट सबमिट करना

UTC कमीशन जनता से सुनना पसंद करेंगे कि कंपनी की दर वृद्धि उनके ऊपर क्या प्रभाव डालेगी। बुधवार, 9 अक्टूबर, 2024 को शाम 6 बजे UTC एक वर्चुअल सार्वजनिक सत्र टिप्पणी आयोजित करेगा। आप नीचे दिए गए Zoom लिंक के माध्यम से या फ़ोन द्वारा भाग ले सकते हैं। सार्वजनिक सुनवाई में भाग लेने के लिए सभी जानकारी UTC वेबसाइट www.utc.wa.gov पर भी आपको मिल जाएँगी।

**दिनांक**: 9 अक्टूबर, 2024
**समय:** शाम 6 बजे
**Zoom लिंक:** https://utc-wa-gov.zoom.us/j/89576776087?pwd=YobV4Db1sJfhiqHA9pvr7S7qLd0Lwv.1
**मीटिंग ID:** 895 7677 6087,
**पासकोड:** 994124
**फ़ोन:** 1 (253) 215-8782

अगर आप हियरिंग में भाग लेने के बारे में सोच रहे हैं, तो कृपया हियरिंग से कम से कम एक दिन पहले 1-888-333-9882 पर कॉल करके साइन इन करें। कृपया हियरिंग में शामिल होने पर अपना कनेक्शन म्यूट करने के लिए माइक्रोफ़ोन जैसे दिखने वाले बटन का इस्तेमाल करें। अगर आप फ़ोन से भाग ले रहे हैं, तो *6 दबाएँ या अपने फ़ोन को म्यूट कर दें।

इसके अलावा जनता निम्नलिखित तरीकों से भी टिप्पणी कर सकती है:
- UTC वेब फ़ॉर्म के माध्यम से: utc.wa.gov/consumers/ (वेब पेज के टॉप पर “Submit a Comment (कमेंट सबमिट करें)” लिंक पर क्लिक करें)
- **comments@utc.wa.gov** पर ई-मेल करें
- यहाँ मेल करें: **UTC, P.O. Box 47250, Olympia, WA 98504-7250**
- फ़ोन से: **1-888-333-WUTC (9882)**

कृपया अपनी टिप्पणी में निम्नलिखित चीज़ें लिखें: आपका नाम, डाक पता, कंपनी का नाम (Puget Sound Energy) और डॉकेट नंबर UE-240004 और UG-240005. अधिक जानकारी के लिए, http://www.utc.wa.gov/ देखें, या 1-800-562-6150 पर कॉल करें।